शनिवार • 14.03.2020
अमर उजाला



एनएमआरसी के मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार को बिना ग्लब्स और मास्क पहने कोरोना वायरस से निपटने के लिए सफाई करता कर्मचारी।

बचाव के लिए एक्वा लाइन मेट्रो में चला अभियान

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। कोरोना वायरस का खतरा बढ़ता देख अब नोएडा मेट्रो रेल निगम (एनएमआरसी) भी हरकत में आ गया है। वायरस की रोकथाम के लिए एनएमआरसी कार्यालयों, स्टेशनों डिपो एवं स्टाफ कॉलोनी में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

एनएमआरसी प्रवक्ता ने बताया कि एक्वा लाइन मेट्रो के यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी कोचों की सफाई की जा रही है। स्टेशनों के अंदर एस्केलेटर की हैंडरेल, सीढ़ियों की रेलिंग, एएफसी गेट, लिफ्ट बटन, स्विच आदि की नियमित सफाई कराई जा रही है। मेट्रो ट्रेन के अंदर सभी हैंड सपोर्ट, दरवाजों, सीटों आदि की भी सफाई कराई जा रही है। स्टेशनों के शौचालयों और ग्लास व दरवाजों आदि की सफाई कराकर कीटाणुरहित बनाया जा रहा है। इसके लिए विशेष रसायनों व सफाई के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है। साथ ही, मेट्रो के कर्मचारियों को कोरोना के खतरों और बचाव की जानकारी दी जा रही है। सभी स्टेशनों, डिपो, स्टाफ कालोनी परिसर आदि में बैनर व स्टिकर लगाए जा रहे हैं।

बिना मास्क और ग्लब्स के कराई जा रही मेट्रो स्टेशनों की सफाई

एनएमआरसी ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए कर्मचारियों को बिना एहतियात बरते ही काम पर लगा दिया। शुक्रवार शाम एनएमआरसी की तरफ से मीडिया को जारी किए गए फोटो में कर्मचारी बिना मास्क और ग्लब्स लगाए सफाई करते दिखाई दिए।

Scanned with CamScanner